# शिकायत के निवारण हेतु प्रक्रिया

## सीपीजीआरएएमएस के बारे में

केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण तथा निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) लोक शिकायत निदेशालय (डीपीजी) तथा प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत (डीएआरपीजी) के सहयोग से एनआईसी द्वारा विकसित, एनआईसीएनईटी पर उपलब्ध एक ऑनलाइन वेब-समर्थित प्रणाली है। सीपीजीआरएएमएस वेब तकनीक पर आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रणाली को इस प्रकार सक्षम बनाना है जिससे पीड़ित नागरिक अपनी शिकायत कहीं से और कभी भी (24x7) मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को प्रस्तुत कर सके, जो इन शिकायतों के त्वरित और अनुकूल निवारण के लिए जांच करते हैं और कार्रवाई करते हैं। इस पोर्टल पर प्रणाली जनित विशिष्ट पंजीकरण संख्या के माध्यम से शिकायतों को ट्रैक करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

## मुद्दे जिनके समाधान के लिए विचार नहीं किया जाता है:

- न्यायाधीन मामले या किसी कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के संबंध में कोई मामला
- वैयक्तिक और परिवार के मामले
- आरटीआई मामले
- देश की प्रादेशिक अखंडता या अन्य देशों के साथ मैत्री संबंध पर किसी प्रकार का प्रभाव डालने वाला कोई मामला
- सुझाव

**नोट: ईमेल द्वारा पर भेजी गई किसी शिकायत पर ध्यान या विचार नहीं किया जाएगा। कृपया अपनी शिकायत वेबसाइट : https://pgportal.gov.in/ पर दर्ज करें।**

**पीजी अधिकारी का विवरण:**

**केंद्र का नाम: अंतरिक्ष उपयोग केंद्र *(इसरो)***

**पीजी अधिकारी का नाम: श्री रणधीर कुमार**

**पदनाम : प्रधान कार्मिक एवं सा॰प्रशा॰**

**संपर्क सं॰: 079-2691-2012**